नई दिल्ली में संसद के मानसून सत्र में देश के गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी, प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और भाजपा की सांसद कंगना रनौत भाग लेने के लिए पहुंचे .

संसद चलो मार्च में बवाल

50 से अधिक पुलिसकर्मी घायल

70 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया

नई दिल्ली. संसद के मानसून सत्र के पहले दिन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं पर जवाबदेही तय करने और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी के आह्वान पर हजारों प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर से संसद की ओर मार्च के लिए निकले. राजधानी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे और संसद मार्ग सहित कई स्थानों पर पुलिस ने बैरिकेड लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया.

प्रदर्शनकारी हाथों में तिरंगा और मांगों से जुड़े पोस्टर लेकर संसद की ओर बढ़े. पुलिस ने लाउडस्पीकर के माध्यम से स्पष्ट किया कि संसद तक मार्च निकालने की अनुमति नहीं है, लेकिन इसके बावजूद कई समूह आगे बढ़ते रहे. इसके बाद दिल्ली पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बल प्रयोग किया.

कुछ प्रदर्शनकारी बैरिकेड पार कर रेल भवन चौराहे और संसद क्षेत्र के करीब तक पहुंच गए. उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और बाद में सड़क खाली कराई. निषेधाज्ञा के उल्लंघन के आरोप में करीब 70 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया. पटेल चौक सहित अन्य इलाकों में भी पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया. दिनभर चले घटनाक्रम के दौरान जंतर-मंतर स्थित प्रदर्शन स्थल खाली कराया गया और वहां लगे टेंट हटाए गए. बाद में कनॉट प्लेस क्षेत्र से भी प्रदर्शनकारियों को हटाया गया.

प्रदर्शन के दौरान हुई झड़पों में कई प्रदर्शनकारियों के घायल होने की सूचना है. वहीं दिल्ली पुलिस ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने की कार्रवाई के दौरान उसके 50 से अधिक जवान भी घायल हुए. प्रदर्शन के बीच दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बयान जारी कर लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की. पुलिस ने कहा कि विरोध-प्रदर्शन को पेशेवर तरीके से संभाला जा रहा है और नागरिक शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें.

23 दिन भी वांगचुक ने अनशन जारी रखने का ऐलान

शिक्षाविद् एवं पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक ने सोमवार को सफदरजंग अस्पताल से सोमवार को एक हस्तलिखित पत्र जारी कर कहा कि शांतिपूर्ण संसद मार्च के दौरान युवाओं के साथ हुई कथित बर्बरता को देखते हुए वह अपना अनशन जारी रखेंगे. उन्होंने कहा कि उनका अनशन तब तक जारी रहेगा, जब तक छात्र नेताओं को संसद भवन में सांसदों से मिलने की अनुमति नहीं दी जाती या उन्हें अस्पताल में ही सांसदों से मिलने की अनुमति नहीं मिल जाती. अनशन के 23वें दिन जारी अपने संदेश में श्री वांगचुक ने लिखा, शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं के साथ जिस तरह की बर्बरता की जा रही है, उसे देखकर मैंने अपना अनशन जारी रखने का निर्णय लिया है.

वहीं लोकसभा के स्पीकर ओमबिरला ने कहा कि राजनीतिक दल यह सुनिश्चित करें कि संसद के चल रहे मानसून सत्र के दौरान इस मुद्दे को उठाया जाये. उन्होंने कहा कि यदि उनकी सेहत से जुड़ी स्थिति उन्हें संसद के प्रस्तावित मार्च में शामिल होने से रोकती है, तो वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं को अस्पताल में उनसे मिलना चाहिए और व्यक्तिगत रूप से उन्हें आश्वस्त करना चाहिए कि पहली दो मांगों पर कार्रवाई की जायेगी. अभिजीत दीपके ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पुरुष पुलिसकर्मियों ने महिला प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया है. उन्होंने कहा कि सरकार की हठधर्मी की वजह से 20 से ज्यादा नीट अभ्यर्थी आत्महत्या कर चुके हैं लेकिन सरकार पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा है.

दिल्ली भाजपा की नयी टीम घोषित

नयी दिल्ली, 20 जुलाई. दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने सोमवार को अपनी नयी टीम की घोषणा कर दी.

श्री मल्होत्रा की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि राष्ट्रीय नेतृत्व से उचित विचार-विमर्श और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अनुमति मिलने के बाद दिल्ली प्रदेश के पदाधिकारियों का घोषणा करने का निर्णय लिया गया है. श्री मल्होत्रा ने कई पुराने चेहरों पर एक बार फिर भरोसा जताया है, जबकि कुछ नेताओं को नयीं जिम्मेदारियां सौंपी गयी हैं. दिल्ली भाजपा की नयी टीम में श्री विष्णु मित्तल को दोबारा प्रदेश महामंत्री बनाया गया है. पार्टी नेतृत्व ने संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए श्री मित्तल पर फिर से भरोसा जताया है.

खिलाड़ियों को नौकरी में प्राथमिकता

लखनऊ, 20 जुलाई. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित 'जनता दर्शन' में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए. इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया, पारिवारिक विवाद लेकर आए लोगों की काउंसिलिंग की और राजस्व तथा पुलिस से जुड़े मामलों में लापरवाही पर अधिकारियों के प्रति सख्त रुख अपनाया.

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वे पूरी मेहनत और लगन से खेलें, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतें. उन्होंने भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश सरकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि के साथ सरकारी नौकरियों में भी प्राथमिकता दे रही है. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कई खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी, तहसीलदार सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति दी है. उन्होंने खिलाड़ियों से कहा, आप पदक जीतिए, सरकार आपको सम्मान के साथ नौकरी भी देगी, लेकिन इसके लिए पूरी मेहनत करनी होगी. जनता दर्शन में पारिवारिक विवाद से जुड़े मामलों पर मुख्यमंत्री ने संबंधित पक्षों की काउंसिलिंग करते हुए कहा कि ऐसे विवादों का समाधान परिवार के भीतर बैठकर आपसी संवाद से किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि निजी मामलों में बाहरी लोगों की अनावश्यक दखलंदाजी से विवाद और बढ़ते हैं तथा इसका सबसे अधिक प्रतिकूल प्रभाव बच्चों पर पड़ता है.

इस दौरान राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें भी मुख्यमंत्री के समक्ष आईं. उन्होंने शिकायतकर्ताओं से पूछा कि संबंधित अधिकारियों को शिकायत दिए कितना समय हो चुका है. मामलों के लंबित रहने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए स्पष्ट कहा कि समयसीमा के भीतर शिकायतों का निस्तारण नहीं करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने अधिकारियों को हीलाहवाली समाप्त कर जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए.

होर्मुज से गुजर रहे जहाज पर हमला

आग की चपेट में आया पोत, सभी क्रू सदस्य सुरक्षित

नई दिल्ली, 20 जुलाई. ब्रिटिश नौसैनिक एजेंसी 'यूके यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स' (यूकेएमटीओ) ने होर्मुज से गुजर रहे जहाज पर हमले की जानकारी दी है. एजेंसी के मुताबिक, जहाज पर एक प्रोजेक्टाइल से हमला किया गया था. आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एजेंसी ने बताया कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे एक जहाज में आग लग गई. हालांकि, जहाज पर सवार सभी चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है. ब्रिटिश नौसैनिक एजेंसी ने बताया, चालक दल ने सुरक्षित रूप से जहाज छोड़ दिया और उन्हें एक टग बोट (खींचने वाले जहाज) ने सुरक्षित बचा लिया.

यह हमला ओमान के कुमजार से 8 समुद्री मील (लगभग 15 किलोमीटर) उत्तर-पश्चिम में हुआ. संस्था ने अपने बयान में कहा, आग अभी तक बुझाई नहीं जा सकी है और जहाज फिलहाल समुद्र में बह रहा है. यूकेएमटीओ ने सभी जहाजों को सतर्कता के साथ यात्रा करने की सलाह दी है.

हाइट हाउस में ट्रम्प से मिलेंगे लेबनान के राष्ट्रपति

वाशिंगटन. लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलेंगे. इस दौरान वह ईरान समर्थित हिजबुल्लाह समूह के हथियार खत्म करने की योजना पेश करेंगे. साथ ही इज़रायल पर दक्षिणी लेबनान से अपनी सेना हटाने का दबाव बनाने के लिए अमेरिका से आग्रह करेंगे. मंगलवार को व्हाइट हाउस में श्री ट्रंप से उनकी मुलाकात तय है. 20 वर्षों में किसी लेबनानी राष्ट्राध्यक्ष की व्हाइट हाउस की यह पहली यात्रा है. यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब लेबनान को दक्षिण के कुछ हिस्सों में इज़रायली सेना की लगातार मौजूदगी, नागरिकों के लंबे समय से विस्थापन और हिजबुल्लाह के भविष्य को लेकर सामना करना पड़ रहा है. लेबनान से अमेरिका रवाना होने से श्री जोसेफ औन ने कहा था कि वह श्री ट्रम्प से इज़रायल पर ज़रूरी दबाव डालने के लिए कहेंगे ताकि 26 जून को हुए उस अमेरिकी-मध्यस्थता वाले समझौते को लागू किया जा सके, जिसमें हिज़बुल्लाह के निरस्त्रीकरण, इज़रायल की चरणबद्ध वापसी और दोनों देशों के बीच ज़्यादा स्थिर संबंधों के लिए एक रूपरेखा की बात कही गयी है.

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह- उधारकर्ताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

स. क्रं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1	161358683 & 164340878	होम लोन	13-Jul-2026	30,25,855.46/-

उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के नाम: 1. राजितलाल पटेल 2. रामप्रताप पाटिल

संपत्ति का पता: जमीन का वह टुकड़ा जो खसरा नंबर 310/2 (कुल एरिया 0.700 हेक्टेयर) का हिस्सा है, लेआउट प्लॉट नंबर 16, जिसका एरिया 20 x 50 = 1000 वर्ग फुट (92.93 वर्ग मीटर) है। यह जमीन मौजाः कथोंडा, N.B. 502, पुराना पीएच नंबर 23/26, नया पीएच नंबर 79, पुराना R.N.M- महाराजपुर, नया R.N.M-मधोताल, नगर निगम वार्ड नंबर 72, पुरानी तहसीलः पनागर, नई तहसीलः आधारताल, ज़िलाः जबलपुर, मध्य प्रदेश-482002 में स्थित है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः सड़क, पश्चिमः प्लॉट नंबर 10, उत्तरः प्लॉट नंबर 17, दक्षिणः प्लॉट नंबर 15।

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक: 21.07.2026
स्थान: मध्यप्रदेश
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

एक नजर में

बुलढाणा में किसान उसके बेटे ने आत्महत्या की

बुलढाणा. महाराष्ट्र के बुलढाणा ज़िले में एक दिल दहला देने वाली घटना में एक किसान और उसके बेटे ने कथित रूप से एक के बाद एक आत्महत्या कर ली. पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना रविवार देर रात खामगांव तालुका के जलका भडांग गांव के पास एक खेत में हुई. पुलिस के अनुसार, परखेड़ गांव के निवासी संतोष हरिश्चंद्र गावंडे (50) ने कथित रूप से अपने खेत में प्याज रखने वाले शेड के लोहे की संरचना से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जब संतोष देर रात तक घर नहीं लौटे तो उनका बेटा अक्षय उर्फ़ विट्ठल गावंडे (30) उन्हें खोजने खेत पर गया. पिता को फंदे पर लटका हुआ पाकर अक्षय ने कथित रूप से अपने दो-तीन दोस्तों को फ़ोन किया उन्हें घटना की जानकारी दी और कहा कि वह भी अपनी जान देना चाहता है. फोन पर उसे रोकने की कोशिशों के बावजूद, अक्षय ने कथित रूप से अपने पिता के शव के पास फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.

40 लाख की हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

जौनपुर. उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले की सुजानगंज थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 40 लाख रुपये मूल्य की 199 ग्राम हेरोइन के साथ दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन, दो पर्स, दो आधार कार्ड तथा 1,050 रुपये नकद भी बरामद किए हैं. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने जिले में अपराध एवं मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार तड़के मुखबिर से सूचना मिली कि दो तस्कर हेरोइन की खेप लेकर आने वाले हैं. सूचना पर थानाध्यक्ष सुजानगंज अमित कुमार पांडेय ने पुलिस टीम के साथ ग्राम बखोपुर स्थित सई नदी पुल के पास घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी बदलापुर सुनील चंद्र तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज गिरीन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में की गई.

कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति

मुर्मु ने मोल्दोवा की राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय वार्ता की

नयी दिल्ली 20 जुलाई. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को चिसिनाउ में मोल्दोवा की राष्ट्रपति माया सांडू के साथ द्विपक्षीय वार्ता की जिसमें दोनों देशों के बीच कृषि, लॉजिस्टिक्स एवं अवसंरचना, स्वास्थ्य एवं औषधि, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई), कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और नवाचार सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने पर सहमति व्यक्त की.

दोनों देशों के बीच यह सहमति सुश्री मुर्मु की मोल्दोवा की राजकीय यात्रा के दौरान चिसिनाउ स्थित राष्ट्रपति भवन में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में बनी. यह मोल्दोवा की किसी भारतीय राष्ट्रपति की पहली राजकीय यात्रा है. वार्ता के दौरान मुर्मु ने कहा कि यह यात्रा भारत-मोल्दोवा संबंधों में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है और दोनों देशों के बीच बढ़ती मित्रता तथा आपसी विश्वास को दर्शाती है. उन्होंने कहा कि भारत और मोल्दोवा के बीच तीन दशकों से अधिक समय से मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं तथा भौगोलिक दूरी के बावजूद शांति, विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रति साझा प्रतिबद्धता के मार्गदर्शन में यह साझेदारी लगातार मजबूत हुई है.

द्विपक्षीय संबंधों में आर्थिक सहयोग को महत्वपूर्ण आधार बताते हुए राष्ट्रपति ने व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने, मजबूत आपूर्ति शृंखलाओं को सुदृढ़ करने, संपर्क बढ़ाने तथा दोनों देशों के व्यापारिक समुदायों के बीच निकट सहयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया.

यूएई के पर्यटन मंत्री ने लोस अध्यक्ष ओम बिरला से की मुलाकात

अरब, 20 जुलाई. संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक अल मरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की।



इस दौरान दोनों पक्षों ने भारत-यूएई संबंधों को और मजबूत बनाने तथा आपसी सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि संसद भवन में यूएई के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन मंत्री और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत कर उन्हें प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा कि यह मुलाकात भारत और यूएई के बीच आपसी विश्वास, साझा हितों और घनिष्ठ सहयोग पर आधारित मजबूत एवं स्थायी साझेदारी को दर्शाती है.

CENTRUM HOUSING FINANCE LIMITED
Group Company of peoplehome
A Subsidiary of Weaver Services Private Limited
All loans are processed and serviced by Centrum Housing Finance Limited ("CHFL")

रजिस्टर्ड ऑफिस : यूनिट नंबर 301, तीसरी मंज़िल, हरभजन कमर्शियल प्रेमिसेस को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, CST रोड, BPCL पेट्रोल पंप के सामने, कलिना, सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई - 400098.
CIN: U65922MH2016PLC273826

डिमांड नोटिस

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 की धारा 13(2) और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 3(1) के तहत।

नीचे हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी, 'सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002' (जिसे 'उक्त एक्ट' कहा गया है) के तहत सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी हैं। उक्त एक्ट की धारा 13(12) और 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' के नियम 3 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, अधिकृत अधिकारी ने उक्त एक्ट की धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किए हैं। इन नोटिसों के जरिए नीचे बताए गए उधारकर्ताओं (जिन्हें 'उक्त उधारकर्ता' कहा गया है) से कहा गया है कि वे अपने-अपने डिमांड नोटिस में बताई गई रकम चुकाएं (जो नीचे भी दी गई है)।
इस संबंध में, उक्त उधारकर्ताओं को एक बार फिर यह नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के छपने के 60 दिनों के भीतर सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को नीचे बताई गई रकम चुकाएं। साथ ही, बकाया रकम पूरी तरह चुकाने की तारीख तक का अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क भी दें (जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है)। यह भुगतान नीचे बताई गई तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक करना होगा, जो लोन एग्रीमेंट और उक्त उधारकर्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित अन्य दस्तावेजों/लिखतों (यदि कोई हों) के तहत देय है। लोन की सही समय पर अदायगी की सुरक्षा के तौर पर, उक्त उधारकर्ताओं ने सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पास अपनी-अपनी संपत्तियां गिरवी रखी हैं।

स. क्रं.	ऋण खाता संख्या/उधारकर्ता (ओं)/सह-उधारकर्ता (ओं)/ गारंटर (ओं) का नाम	कुल बकाया राशि (रु.)	एनपीए दिनांक / सेक. 13(2) नोटिस दिनांक / एफसीएल दिनांक	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)
1	JLRNU24015377 / मनीष लोधी/ओमवती मनीष/रूपबती कमल	रू. 5,44,880.00 (पाँच लाख चौवालीस हजार आठ सौ अस्सी मात्र)	08-06-2026 / 08-07-2026 / 07-07-2026	अचल संपत्ति के अधिकार और उसका हिस्सा, जो खसरा नंबर 81/4/16, N.B. 175, पीएच नंबर 45/16 (क्षेत्रफल 672 वर्ग फुट) के अंतर्गत आता है; स्थानः मौजा- छोटा छिंदवाड़ा, नेहरू वार्ड, तहसील- गोटेगांव, जिला- नरसिंहपुर-487118, मध्य प्रदेश। सीमाएं:- पूर्वः नाली के साथ 20 फीट चौड़ी सड़क; पश्चिमः विक्रेता की शेष भूमि; उत्तरः विक्रेता की शेष भूमि; दक्षिणः मनोज साहू का प्लॉट।

अगर बताए गए उधारकर्ता सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को ऊपर बताए अनुसार पेमेंट करने में नाकाम रहते हैं, तो सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड एक्ट की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत ऊपर बताई गई सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। इसमें होने वाले खर्च और नतीजों की पूरी ज़िम्मेदारी उधारकर्ताओं की होगी। एक्ट के तहत, उधारकर्ताओं को सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की पहले से लिखित मंजूरी के बिना इन संपत्तियों को बेचने, लीज पर देने या किसी और तरह से ट्रांसफर करने की मनाही है। जो कोई भी इस एक्ट या इसके तहत बने नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन करने में मदद करता है, उसे एक्ट में बताए अनुसार जेल की सजा और/या जुर्माना हो सकता है।

स्थानः मध्यप्रदेश, दिनांक : 21.07.2026
हस्ताक्षर/-, सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी

हस्तियों के ट्वीट

विदेश मंत्री एस जयशंकर हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि आज नई दिल्ली में पनामा की विदेश मंत्री जेविएरा चैपमा से मिलकर खुशी हुई। लैटिन अमेरिका और कैरिबियन क्षेत्र के लिए प्रवेश द्वार के तौर पर पनामा के साथ भारत के संबंधों को और मजबूत करने के महत्व पर ज़ोर दिया।हमारी व्यापक बातचीत में व्यापार, कारोबार, विकास, समुद्री मामलों, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और डिजिटल सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।

पॉडकास्टर राज शमानी हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि बहुपक्षीय मंचों पर हमारी भागीदारी के बारे में भी बात की।ऐसी दुनिया में जहाँ कोई भी कुछ भी बना सकता है, एकमात्र कमी जो बची है, वह है स्वाद की।